पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने लखनऊ पब्लिक कालेज के प्रेक्षागृह का उद्घाटन किया

विद्यार्थियों का धर्म शिक्षा ग्रहण करना है - राज्यपाल

लखनऊः 04 मई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज लखनऊ पब्लिक कालेज, गोमती नगर में नवनिर्मित श्री रामलाल मेमोरियल प्रेक्षागृह का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने एल0पी0एस0 के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियाँ अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल के संस्थापक प्रबंधक, श्री एस0पी0 सिंह, विधायक, श्रीमती कांति सिंह, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो0 एस0बी0 निम्से, यू0पी0टी0यू0 के पूर्व कुलपति, प्रो0 आर0के0 खाण्डल सहित अन्य विशिष्टजन उपस्थित थे।

राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का धर्म शिक्षा ग्रहण करना है। अतः विद्यार्थी अपने धर्म का पालन करें। विद्यार्थी अपने समय का सदुपयोग करके ज्ञान प्राप्त करें। केवल किताबी शिक्षा न ग्रहण करके अन्य कलाओं को भी सीखने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि युवा भावी जीवन के लिये योग्य तैयारी करें।

श्री नाईक ने कहा कि विद्या के साथ-साथ व्यक्तित्व का विकास जरूरी है। भारत में शिक्षा की समृद्ध परम्परा रही है। नालंदा, तक्षशिला, उज्जैन के जैसे शिक्षण संस्थान में विदेश के लोग यहाँ आकर शिक्षा ग्रहण करते थे। बदलते युग में हमें शिक्षा की गुणवत्ता बढाये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने व्यक्तित्व विकास के चार मंत्र बताते हुए कहा कि शिक्षा ग्रहण करने के बाद हमारे विद्यार्थीगण जीवन की कड़ी स्पर्धा की भी तैयारी करें।

इस अवसर पर प्रो0 एस0बी0 निम्से, कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय तथा प्रो0 आर0के0 खाण्डल ने भी विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

Prof. S.B. Nimse
Vice Chancellor
Lucknow University
Prof. R.K. Khandal
Ex. Vice Chancellor
UPTU
HON'BLE GOVERNOR OF U.P.
S.P. Singh
Founder Manager, LPS
Former MLC

GOMTI NAGAR